<u>संदेश</u>

वैशाखी, विशु, रंगोली बिहू, नब बर्ष, वैशाखड़ी, पुतांदु पिरापु के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। ये पर्व, हमारी परंपरा में परिश्रम को दिए गए महत्व और सम्मान के प्रतीक हैं।

हमारे देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न प्रकार से मनाए जाने वाले ये पर्व हमारी विविधता और बहुलतावादी परंपरा को दर्शाते हैं तथा हमारे लोकाचार में सर्वत्र मौजूद एकता और सद्भावना को रेखांकित करते हैं।

आइए, इस अवसर पर शांति, समृद्धि और खुशहाली लाने और राष्ट्र की प्रगति के लिए एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लें।